दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, रविवार 24 फरवरी 2019 | www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक-युवती की मौत

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व रेलवे के रायगढ़ स्टेशन से लगे कोतरा रोड पावर हाउस के पास आज सुबह तेज ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही युवती की मौत हो गई वहीं युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान शाम को अस्पताल में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना उस वक्त घटी जब आपसी विवाद को लेकर दोनों झगडते हुए रेल पटरी के बीच में आ गए और दोनों के बीच झगडा इतना ज्यादा बढ़ गया कि ट्रेन की आवाज उनको सुनाई तक नहीं दी। जिससे तेज रफ्तार ट्रेन ने दोनों को ठोकर मारी दी जिससे युवती की मौके पर मौत हो गई, वहीं युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मेडिकल कालेज में जीआरपी व सिटी कोतवाली की मदद से भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान शाम करीब साढ़े 7 बजे युवक ने भी दम तोड़ दिया। इस संबंध में स्टेशन मास्टर का कहना है कि दोनों रेल पटरी के बीचों बीच थे और इनमें से किसी की शिनाख्त नहीं हो पाई है, जिसकी जांच जारी है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी मारकण्डे ने बताया कि घटना स्थल से एक मोबाईल मिला है। हलांकि युवक-युवती की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस शहर के आसपास के मोहल्लों में इनकी पतासाजी कर रही है। ताकी इनके परिजनों को जानकारी दी जा सके।

### सड़क दुर्घटना में घरघोड़ा के एक छात्र की दर्दनाक मौत, दूसरा गंभीर

**रायगढ़।** घरघोड़ा के पत्रकार मनमोहन सिंह राजपूत के 14 वर्षीय पुत्र का रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। वही उसके साथी को गंभीर स्तिथि में रायगढ़ रेफर किया गया है। इस हादसे से उनके परिवार सहित मनमोहन के मित्रों में भी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार ये ऊर्जा नगर स्थित जिंदल स्कूल के छात्र थे। और पिछले तीन दिनों से दसवीं बोर्ड की परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने जा रहा था इससे पहले स्कूल से करीब एक किमी पहले डिवाइडर से उनकी बाइक टकरा गई और दोनों बाइक समेत गिर गए इससे दोनों लड़को को गंभीर चोट लगी घटना की जानकारी तत्कअल एम्बुलेंस से दोनों को वही नजदीक ऊर्जा नगर जिंदल के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों युवकों का उपचार शुरू किया गया । बताया जा रहा है कि पत्रकार मनमोहन सिंह राजपूत का 14 वर्षीय पुत्र ठीक था लेकिन अचानक से कोई कुछ समझ पाता उसकी मौत हो गई। वही मृतक युवराज राजपूत के साथी सुब्रत कुमार 14 साल को रायगढ़ रेफर कर दिया गया है। दोनों घरघोड़ा के रहने वाले हैंऔर ऊर्जा नगर स्थित जिंदल स्कूल में कक्षा 10 में एक साथ पढ़ते थे।

### फोटो फ्रेमिंग दुकान में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

**रायगढ़।** आज देर रात इतवारी बाजार स्थित एक फोटो फ्रेमिंग दुकान में आग लगने से लाखों का माल जलकर खाक हो गय। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट बताया जा रहा है। इस संबध में मिली जानकारी के अनुसार देव प्रसाद पटेल की इतवारी बाजार स्थित मिश्रा गली में फोटो फ्रेमिंग का दुकान संचालक करता है। शुक्रवार रात को पानी गर्म करने के लिए राड लगाए हुए थे। इस दौरान देवप्रसाद पटेल राड को निकालना भुल गया था। इस दौरान रात करीब 11 बजे अचानक राड के अत्यधिक गर्म होने पर ब्लास्ट हो गया। जिससे उसका चिंगारी आसपास फैल गया। जिससे फोटो फ्रेमिंग का प्लास्टिक का सामान में आग लग गई।

## कलेक्टर यशवंत कुमार दूरस्थ ग्राम- कुम्हीचुंवा में बिरहोर जनजाति के बीच पहुंचे

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार कल धरमजयगढ़ विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम कुम्हीचुंवा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के बीच पहुंचे। ग्रामवासियों ने उनका भावमय स्वागत किया।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने बातचीत के दौरान ग्राम-कुम्हीचुंवा के बिरहोर समुदाय से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बिरहोर समुदाय को मुख्यधारा से जोडने् के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे। उन्हें कृषि कार्य में सहायता दी जाएगी एवं कुएं का निर्माण भी कराया जाएगा। उन्होंने वनाधिकार पट्टे के संबंध में जानकारी ली। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम-कुम्हीचुंवा में कुल 26 परिवार निवास करते है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें आवास मिले है, अभी हाथी के भय से वे पहाड़ में निवास नहीं कर रहे है। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि पेयजल की समस्या होने के कारण पानी लेने दूर जाना होता है। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के तहत कुएं का निर्माण किया जाएगा और इसके लिए मजदूरी भी मिलेगी।

ग्रामवासियों ने बढ़ई, सायकल रिपेयरिंग, बांस की वस्तुएं बनाने सहित अन्य ट्रेड में प्रशिक्षण लेने में रूचि प्रदर्शित की। कलेक्टर ने कहा कि बिरहोर समुदाय के युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि वे मेहनत करें एवं अपनी आमदनी बढ़ाएं। मिरीगुड़ा में दुकानें भी आबंटित करेंगे, ताकि बिरहोर समूह अपनी वस्तुओं का विक्रय कर सके। कलेक्टर ने ग्रामवासियों से जानकारी ली कि आंगनबाड़ी केन्द्र में गर्भवती माताओं को भोजन मिलता है या नहीं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिया कि हितग्राहियों को सुबह 8 बजे खाना खिलाकर भेजे। कलेक्टर को ग्रामवासियों ने बताया कि एएनएम श्रीमती गौरी प्रधान पहाड़ के ऊपर बसे घरों में भी जाकर चिकित्सा सुविधाएं दी है।

## कलेक्टर ने सुराजी गांव योजना के तहत गौठान के लिए चिन्हांकित भूमि का किया अवलोकन

### बिहान बाजार की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से की भेंट



**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी के विकास के लिए घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम-बैहामुड़ा में गौठान एवं चारागाह के लिए चिन्हांकित भूमि का अवलोकन किया। कलेक्टर वहां ग्रामवासियों से रूबरू हुए और उन्होंने बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन दुकान एवं स्कूलों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। वहां उन्होंने बाड़ी एवं तालाब का भी अवलोकन किया। कृषक ने उन्हें जानकारी दी कि बाड़ी में भाजी, अमरूद, तरबूज के अलावा सब्जियां भी लगाई गई है।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने धरमजयगढ़ विकासखण्ड में ग्राम पंचायत सिवार के ग्राम-पण्डरीपानी में डबरी निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-लक्ष्मीपुर के महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की। महिलाओं ने उन्हें बताया कि वे सिलाई मशीन, फोटो कापी मशीन एवं किराना दुकान चलाकर आत्मनिर्भर बन रही है और उनकी आमदनी बढ़ी है। कलेक्टर ने ग्राम-खम्हार में बिहान बाजार की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से भी भेंट की।

**कलेक्टर ने किया अन्नागार सह शरण स्थल का मुआयना**

कलेक्टर ने धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-अलोला में 56 लाख की लागत से निर्माणाधीन अन्नागार सह शरण स्थल का मुआयना किया। उन्होंने इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि हाथी प्रभावित क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति जो वनग्रामों एवं जंगलों में निवास करते है, उनके लिए बारिश एवं हाथी के आने से होने वाले जानमाल की हानि से बचाने के लिए इस शरण स्थल में रखा जाएगा। विश्राम स्थल में 30 कमरे है। टेड़ासेमर, दाहीडांड़, पुसऊडेरा, गेरूपानी, उपरसलखेता के ग्रामों के पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति को इस शरण स्थली में रखा जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसडीएम धरमजयगढ़ नंदकुमार चौबे एवं जनपद सीईओ आज्ञामणी पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### लाखों के सट्टा पर्ची के साथ 13,030 रुपए जप्त

**रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक एस.आर. साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 22.02.19 के दोपहर सरिया मेड रोड पर सुरेश शर्मा को अपने दुकान के सामने सट्टा सट्टी लिखने की मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर सुरेश शर्मा को सट्टा पट्टी व नगदी रकम 13,030 रुपए के साथ पकड़ा गया ।

### रक्षित केंद्र का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

## शस्त्रागार, वाहन शाखा सहित सभी शाखाओं का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**रायगढ़।** प्रतिवर्ष होने वाली रक्षित केंद्र रायगढ़ का वार्षिक निरीक्षण के लिये आज सुबह पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश कुमार अग्रवाल पुलिस लाईन उर्दना पहुंचे । प्रातः परेड ग्राउण्ड पर शस्त्र प्लाटून द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को सलामी दी गई । परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया । तत्पश्चात अधिकारियों व जवानों द्वारा संयुक्त रूप से बलवा ड्रील, शस्त्र अभ्यास किया गया एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों के किट निरीक्षण किया गया । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वार्षिक निरीक्षण दौरान रक्षित केन्द्र के शस्त्रागार, वाहन शाखा, पुलिस अस्पताल, महिला कल्याण सहित सभी शाखाओं का निरीक्षण कर प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इसके बाद रक्षित केन्द्र के प्रशासनिक भवन में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के बीच सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्मेलन में उपस्थित थाना/चौकी प्रभारियों एवं जवानों को आने वाले लोकसभा चुनाव 2019 को बेहतर तरीके से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिये । सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अधिकारी/ कर्मचारियों से उनके सुझाव/ समस्याएं पूछा गया तथा प्राप्त समस्याओं का निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये । सम्मेलन व परेड पर सभी राजपत्रित अधिकारीगण, थाना/ चौकी प्रभारी एवं काफी संख्या में जवान उपस्थित हुए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री [illegible] श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

**CAREER SCHOOL**

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

**ADMISSION OPEN**

ENGLISH MEDIUM — For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session






Topper Students Last Session




Join CAREER...

**Major Facts**

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480